कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/एफ–1ए/विविध /2018 दिनांक– 18-1-19

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय,
(माध्यमिक), ... ।

विषयः– दोहरे पदस्थापन को दुरस्त करने के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि निदेशालय के ध्यान में आया है विद्यालयों में कई कारणों से दोहरे पदस्थापन के कारण एक पद पर दो कार्मिक कार्य कर रहे है । आपके मण्डल/जिले में कार्यरत तृतीय श्रेणी अध्यापक एवं समकक्ष पदोन्नति, स्थानान्तरण पर कार्यग्रहण, 6डी सामायोजन, स्थगन आदेश आदि विभन्न कारणों से दोहरे पदस्थापन की स्थिति वाले प्रकरणों का सात दिवस में निस्तारण कर दिनांक 25/01/19 तक संयुक्त निदेशक, स्कूला शिक्षा, संभाग को प्रमाण पत्र (संलग्न) में इस तथ्य के साथ अवगत करावें की, आपके अधीन किसी भी कार्मिक का दोहरा पदस्थान नहीं है । यदि दोनो कार्मिकों को न्यायालय से स्थगन प्राप्त है तो ऐसे प्रकरणों की सूची भी उपलब्ध करावें । साथ ही मतदाता सूची पुनरिक्षण के कार्य में कार्यरत कार्मिकों को उक्त कार्य सम्पादित होने के उपरान्त ही कार्यमुक्त करावें ।

संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपिः–

1. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, समस्त संभाग को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि द्वितीय श्रेणी अध्यापक एवं समकक्ष के दोहरे पदस्थापन के प्रकरणों का निस्तारण कर आपके मण्डल मे दोहरा पदस्थान नहीं हाने का प्रमाण पत्र के साथ ही आपके अधीन कार्यरत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों से दोहरा पदस्थापन नहीं होने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर संकलित कर दिनांक 28/01/19 तक इस कार्यालय को प्रेषित कराना सूनिश्चित करें ।

www.rajteachers.com

संयुक्त निदेशक(प्रशिक्षण)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे अधीन जिले/मण्डल की विद्यालयो में आज दिनांक को किसी भी पद पर दोहरा पदस्थापन नहीं है । पदोन्नति, स्थानान्तरण पर कार्यग्रहण, 6डी सामायोजन, स्थगन आदेश आदि विभन्न कारणों से दोहरे पदस्थापन प्रकरणो को दुरस्त कर दिया गया है ।

हस्ताक्षर मय मोहर

www.rajteachers.com